दैनिक जागरण 09/08/2025

पौधारोपण से नई पीढ़ी को जोड़ना होगा : डा. रोहित

जीएमएन कालेज में पौधारोपण करते विद्यार्थी व स्टाफ • विज्ञप्ति।

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि नई पीढ़ी को पौधारोपण अभियान से जोड़ना होगा। वे कालेज में एनीससी गर्ल्स विंग द्वारा आयोजित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा. इसमें पालकों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौधारोपण हो सकेगा। सीटीओ डा. तृप्ति शर्मा ने कैडेट्स का आह्वान किया कि वह अपने घर आंगन में एक-एक पौधा अवश्य लगाए। इससे आए दिन बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण का संतुलन सही किया जा सके। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे।